







नवभारत 10
इंदौर, गुरुवार, 11 सितम्बर 2025


## कचरा प्रबंध को लेकर कर रहे जागरूक



**बड़वानी।** निकाय की सहयोगी आईइसी डिवाइन टीम द्वारा शहर में विशेष अभियान के माध्यम से जागरूकता का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को भी टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर रहवासियों को कचरा प्रबंधन के बारे में जागरुक किया गया। साथ ही आमजनों से अपील की जा रही है कि आप हमेशा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में ही रखे। कचरे को खाली प्लाटों या यहा-वहां न फेंके। कचरा हमेशा कचरा वाहन को ही दे और जब भी मार्केट करने जाए, तो कपड़े की थैली लेकर जाए। सिंगलयूज़ प्लॉस्टिक का ही उपयोग न करें।

## नई रोशनी योजना पर लेक्चर का आयोजन



**सेंधवा।** 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर द्वारा प्राप्त पत्रानुसार बुधवार को वीर बलिदानी खाज्या नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने नई रोशनी योजना पर लेक्चर का आयोजन किया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रवाह संस्था से शिवाली दुबे और श्रद्धा पांडे उपस्थिति थे। जिन्होंने नई रोशनी योजना के बारे में बताते हुए कहा कि नई रोशनी योजनाएं जिसे अल्पसंख्यक महिलाओं के नेतृत्व विकास के लिए योजना के रूप में भी जाना जाता है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा नेतृत्व, कौशल विकास और जागरूकता कार्यक्रमों से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 2012-13 में शुरू की गई एक सरकारी पहल थी। नई रोशनी योजना के मुख्य उद्देश्य सशक्तिकरण, नेतृत्व विकास, कौशल संवर्धन एवं सामाजिक जागरूकता है। नई रोशनी योजना की प्रमुख विशेषता लक्ष्य समूह जिसमें 18 से 65 वर्ष की आयु की अल्पसंख्यक महिलाएं हैं एवं प्रशिक्षण सामग्री जैसे स्वास्थ्य और सफाई एवं महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं वित्तीय साक्षरता है। साथ ही प्रवाह से श्रद्धा और शिवाली द्वारा युवाओं के लिए 5वीं परिधि के महत्व को लेकर बात की गई। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रो संजय चौहान व एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सार्जेंट पलक सुल्या ने किया।

## छात्राओं को वितरित की नि :शुल्क साईकिल



**बड़वानी।** शासकीय कन्या हाई स्कूल में मंगलवार को नि:शुल्क साईकिल वितरण का कार्यक्रम हुआ। जिसमें जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुमन वर्मा, नपा उपाध्यक्ष सुभाष भावसार, सीएमओ सोनाली शर्मा, पार्षद निशा उपाध्याय, छात्राएं, पालक एवं स्टॉफ उपस्थित था। प्राचार्य रचना पुरोहित ने आभार माना एवं संचालन मोहिनी शुक्ला ने किया।

## एमवाय अस्पताल का औचक निरीक्षण

इंदौर. महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय में मंगलवार को अधिष्ठाता महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय और संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक ने औचक निरीक्षण किया. इस दौरान वार्डों, सहायता केंद्र, ओटी, पर्ची काउंटर, कैंटीन, लॉन्ड्री और किचन का जायजा लिया. अधिकारियों ने साफ-सफाई, पेस्ट कंट्रोल और कचरे के उचित निस्तारण के निर्देश दिए. इस दौरान सभी अधिकारी तलघर का निरीक्षण करते हुए वहां रखी अनुपयोगी सामग्री, खराब गद्दे और मशीनों को नियमानुसार कंडम करने और जगह की सफाई के लिए संबंधित जिम्मेदारों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

## एडिशनल डीसीपी सीमा अलावा को पीएचडी की उपाधि

इंदौर. पुलिस सेवा के साथ अकादमिक क्षेत्र में भी उत्कृष्ट योगदान देने वाली एडिशनल डीसीपी मुख्यालय श्रीमती सीमा अलावा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है. उन्होंने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के सामाजिक विज्ञान संकाय के महिला अध्ययन विभाग में शोध कार्य पूरा किया था. उनका शोध विषय चैलेंजेस ऑफ पुलिस पर्सनल एट वर्क प्लेस : ए स्टडी फॉम जेंडर पर्सपेक्टिव कार्यस्थल पर पुलिस कर्मियों की चुनौतियाँ : लैंगिक परिप्रेक्ष्य से एक अध्ययन पर आधारित रहा. इसमें पुलिस विभाग में कार्यरत महिला और पुरुष दोनों वर्गों को कार्यस्थल पर आने वाली चुनौतियाँ, भेदभाव, मानसिक दबाव, कार्य संतुलन और लैंगिक असमानताओं का गहन अध्ययन किया है.

## निर्माणाधीन पुलिया पर युवक की मौत में मैनेजर पर प्रकरण

इंदौर. परदेशीपुरा क्षेत्र में निर्माणाधीन पुलिया पर सुरक्षा इंतजामों की लापरवाही के चलते एक युवक की मौत हो गई थी. पुलिस ने ठेकेदार की कंपनी के मैनेजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. मामला पाटनीपुरा चौराहे से मालवा मिल चौराहे के बीच बन रही पुलिया का है. 10 अगस्त की रात करीब 10 बजे 34 वर्षीय राधेश्याम उर्फ गोलू अपनी बाइक सहित पुलिया के नाले में गिर था. गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. जांच में सामने आया कि मौके पर सुरक्षा के लिए न तो बैरिकेड लगाए गए थे और न ही चेतावनी बोर्ड. ठेकेदार यादवेन्द्र देवड़ा ने बयान में बताया कि पुलिया निर्माण की जिम्मेदारी मैनेजर अखिलेश कुल्हारे को सौंपी गई थी, जिसे सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी थी. इसके संबंध में कंपनी सी.एस. कंस्ट्रक्शन द्वारा आदेश भी जारी किए गए थे. लापरवाही सामने आने पर पुलिस ने मैनेजर अखिलेश कुल्हारे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## जिला बदर आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

महू. पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण यांगचेन डोलकर भूटिया, एएसपी रुपेश कुमार द्विवेदी व एसडीओपी ललित सिंह सिकरवार के सख्त निर्देशों के तहत अपराधियों पर कार्रवाई लगातार जारी है. इसी क्रम में पुलिस थाना महू की टीम ने जिला बदर आरोपी आलोक पिता राजेश धीमान (उम्र 22, निवासी तांगा खाना, महू) को गिरफ्तार किया. जिला दंडाधिकारी ने आरोपी को 6 माह तक इंदौर व आसपास के जिलों से निष्कासित किया था। लेकिन आरोपी आदेश की अवहेलना करते हुए महू में अपने घर के बाहर घूमता मिला. पुलिस ने उसे मौके से पकड़कर मध्यप्रदेश 14 रासुका के तहत मामला दर्ज किया. इस कार्रवाई में उप निरीक्षक दीपक राठौड़, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र ओझा, प्रधान आरक्षक अशोक चंद्रवंशी, आरक्षक नाहर सोलंकी व आरक्षक अंकित जाट का सराहनीय योगदान रहा.

## पूर्व मंत्री रामेश्वर पटेल के जन्म दिवस पर पौधारोपण

महू. सामाजिक संस्था प्रज्ञा सागर प्रबुद्ध संघ द्वारा संस्था के संरक्षक पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन स्वर्गीय रामेश्वर पटेल की स्मृति में अति प्राचीन बिच्छू दास का बगीचे राधा कृष्ण मंदिर पर दोपहर में पौधारोपण किया गया. समाज हित राष्ट्रहित और मध्य प्रदेश के मालवा के विकास में उनकी उची सोच से बहुउद्देशीय दूर दृष्टि द्वारा विकास की जो कल्पना की थी वह आज साकार होती नजर आ रही है. इन्हीं भावनाओं से सभी ने स्वर्गीय बाबूजी को याद किया और उनके जन्मदिन पर पौधारोपण कर संकल्प लिया कि हर घर आंगन पौधा लगाना है और मध्य प्रदेश को रेगिस्तान होने से बचाना है. इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी भैया पाटीदार परिवार के सदस्यों के साथ समाजसेवी राधेश्याम बियानी, इंद्रदेव पांडे, राजीव खनूजा, नागेश्वर जी आदि पर्यावरण प्रेमी उपस्थित हुए. कार्यक्रम आयोजक जगमोहन सोनी ने कार्यक्रम का संचालन किया. आभार दिनेश पाटीदार ने माना.

# जयति सिंह ने कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया

### शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और कार्यक्रमों को समय-सीमा में पूर्ण किया जाएगा, अधिकारियों की ली बैठक





**बड़वानी, (नवभारत)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2016 बैच के अधिकारी जयति सिंह ने बुधवार कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया। प्रभारी कलेक्टर काजल जावला ने कलेक्टर सिंह को पदभार सौंपा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। नवागत कलेक्टर जयति सिंह इसके पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उज्जैन के रूप में पदस्थ थे। 2018 में सिंह सहायक कलेक्टर बड़वानी के रूप में भी पदस्थ रहे। प्रदेश के अनेक जिलों में कईमहत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, कार्यक्रमों का समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण किया जाएगा। विकास कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराएं जाएंगे। जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और जन समस्याओं के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मेरा प्रयास रहेगा कि जिला हर क्षेत्र में अव्वल रहे।

### जिलाधिकारियों की ली बैठक

नवागत कलेक्टर ने कलेक्टर सभागृह में जिला अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि सफल नेतृत्व के लिए यह आवश्यक है कि टीम वर्क की भावना के साथ कार्य किया जाए। जिले के विकास में सहयोग करे। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि बड़वानी जिला आकांक्षी जिला होने से हमें और अधिक परिश्रम एवं लगन से काम करने की आवश्यकता है।

कलेक्टर ने सीएम हैल्पलाईन की समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण ही दर्ज होना चाहिए, किसी भी स्थिति में फोर्स क्लोज न करे। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा कई योजनाएं जनकल्याण के लिए चलाई जा रही है। योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारी अपने पदीन दायित्व को समझकर पूरी गंभीरता व जिम्मेदारी से कार्य करे। बैठक में जिपं सीईओ काजल जावला, अपर कलेक्टर केके मालवीय, संयुक्त कलेक्टर सोहन कनाश सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### पत्रकारों से की चर्चा

नवागत कलेक्टर जयति सिंह ने बैठके के बाद पत्रकारवार्ता का आयोजन कर पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने पत्रकारों से जिले के मुद्दों के बारे में जाना, साथ ही उन्हें यह आश्वस्त किया कि शासन के चतुर्थ स्तंभ के रूप में पत्रकारों को उनके साथ जिले के विकास के लिए कार्य करना है। पत्रकार जिले के विकास या अन्य समस्याओं से संबंधित बातों को उन तक मीडिया या व्यक्तिगत रूप से मिलकर पहुंचा सकते हैं। इस दौरान नवागत कलेक्टर ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता जिले में स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना है। साथ ही शासन की योजनाओं को धरातल पर मूर्त रूप से सफल बनाते हुए जनसामान्य को लाभ पहुंचाना है।

**महत्वपूर्ण पदों पर रहे**

- नवागत कलेक्टर कई जिलों में महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं।
- उन्होंने कहा मेरा प्रयास रहेगा हर क्षेत्र में अव्वल रहे जिला।

## भाजपा की जिला कार्यशाला आज

**बड़वानी।** भाजपा की जिला कार्यशाला 11 सितंबर को सेंधवा में होगी। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि कार्यशाला जिलाध्यक्ष अजय यादव की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे से निवाली रोड़ स्थित होटल गोल्ड शाइन सेंधवा में होगी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन सम्भाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम व विशेष अतिथि के रूप में संगठन जिला प्रभारी नंदकिशोर पाटीदार मार्गदर्शन देंगे। भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। सेवा प्रकल्पों के अंतर्गत जिला, मंडल व बूथ स्तर तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की सम्पन्नता विषय को लेकर उक्त कार्यशाला का आयोजन होगा।

## कलेक्टर ने देखी



**बड़वानी, (नवभारत)।** नवागत कलेक्टर जयति सिंह ने बुधवार को मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) के भंडारण केंद्र का निरीक्षण कर उर्वरक की उपलब्धता, भंडारण व वितरण व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। कलेक्टर ने स्टॉक पंजी, उर्वरक भंडारण व परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्था का अवलोकन किया। वितरण में पारदर्शिता व कृषकों की प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने छोटी कसरावद स्थित नर्मदा पुल का निरीक्षण कर जलस्तर एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर समुचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए। मां नर्मदा रोहिणी तीर्थ राजघाट तट पर मां नर्मदा जी के दर्शन कर नमन किया। कलेक्टर ने घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी लेकर एसडीईआरएफ द्वारा आपदा मित्र एवं सुरक्षाबल द्वारा की जा रही व्यवस्थाएं एवं उपलब्ध नावों के सम्बंध में जाना। इस दौरान एसडीएम भूपेन्द्र रावत, उप संचालक कृषि केसी वास्कले, डिस्ट्रिक कमांडेंट होमगार्ड शरदचंद राय एवं अन्य अधिकारी

**एक नजर में** — शिक्षक संघ की पहल, जिला प्रशासन का माना आभार

# 688 शिक्षकों को मिला क्रमोन्नत वेतनमान



**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 11 सितम्बर.** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला बड़वानी 2022 से प्रधान पाठक, उच्च श्रेणी शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक, संविदा अध्यापकों को 30 वर्ष, 24 वर्ष व 12 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत करने के लिए प्रयासरत था।

शिक्षक संघ ने सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, राज्यसभा सांसद डॉ सुमेर सिंह सोलंकी, पूर्व मंत्री प्रेम सिंह पटेल से संपर्क कर क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत कराने के लिए पहल करने का निवेदन किया। सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल द्वारा आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग भोपाल को पत्र लिखा गया तथा संभागीय उपायुक्त ब्रजेश पांडेय इंदौर से दूरभाष पर चर्चा की गई। जिसके चलते सहायक आयुक्त जेएस डामोर ने कमेटी बनाकर शिक्षकों को क्रमोन्नति देने के लिए 3 माह पूर्व कार्य प्रारंभ किया। उक्त कमेटी द्वारा संपूर्ण अभिलेखों की जांच कर कलेक्टर के अनुमोदन से 688 शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान मंगलवार को जारी कर दिया गया है।


शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिलाध्यक्ष अनिल जोशी, सचिव संतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष आलोक जोशी, संजय अवासीय, मगन सिंह आर्य, अखिलेश जोशी, आशोक राठौड़, दादू सिंह मंडलोई, महेंद्र गोयल, गणेश सोनी, मंशाराम चौहान तथा हेमेंद्र मालवीय, कसर सिंह सोलंकी ने सांसद, राज्यसभा सांसद, पूर्व कैबिनेट मंत्री, जिला प्रशासन व सहायक आयुक्त, एओ राहुल श्रीवास्तव, लिपिक अमित सोलंकी को धन्यवाद दिया।

### वेतनमान जारी किया

उक्त कमेटी द्वारा संपूर्ण अभिलेखों की जांच कर कलेक्टर के अनुमोदन से 688 शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान मंगलवार को जारी कर दिया गया है।

# 12 साल की पार्टनरशिप टूटी तो दोस्त ने की हत्या

- कारोबारी चिराग जैन की हत्या करने वाला विवेक जैन गिरफ्तार
- कनाडिया पुलिस ने पकड़ा, फरारी के दौरान कई शहरों में बदला



**इंदौर.** कारोबारी चिराग जैन की हत्या के मामले में फरार चल रहे उसके पूर्व बिजनेस पार्टनर विवेक जैन को कनाडिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी पिछले 17 दिन से पुलिस को चकमा देकर उज्जैन, दिल्ली, हरिद्वार, ऋषिकेश, मथुरा और राजस्थान के करौली जैसे शहरों में छिपता रहा. पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तिलक नगर इलाके से घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा.

कनाडिया थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि आरोपी 40 वर्षीय विवेक जैन पिता महावीर प्रसाद जैन निवासी सी-09 बाकावर, रामनगर, तिलक नगर इंदौर, मृतक चिराग जैन का 12 साल से बिजनेस पार्टनर था, दोनों रिलैकिलर नाम की फर्म चलाते थे, लेकिन कुछ समय पहले आपसी विवाद के चलते पार्टनरशिप तोड़ दी थी. इसी रंजिश के चलते 23 अगस्त को सुबह करीब 6 बजे विवेक जैन, चिराग के फ्लैट सी-01 मिलन हाइट्स, विधौली, कनाडिया पहुंचा और बातचीत के दौरान चिराग पर चाकू से कई वार कर दिए. गंभीर रूप से घायल चिराग को परिजन और पड़ोसी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर विवेचना शुरू की थी. वारदात के बाद विवेक जैन मोबाइल फोन बायपास पर फेंककर फरार हो गया था, ताकि उसकी लोकेशन ट्रैक न हो सके. पुलिस को आरोपी की तलाश में भिंड जिले और अन्य जगहों पर दबिश देनी पड़ी. इस बीच आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया था. इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार देर रात कनाडिया पुलिस ने आरोपी विवेक जैन को तिलक नगर क्षेत्र में बेस्ट प्राइज के पास घेराबंदी

### गिरफ्तारी में लगी पुलिस टीम

गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सहर्ष यादव, उपनिरीक्षक सचिन आई, दीपक पाहिल्या, आरक्षक जगजीत जाट, मनोज पटेल, अमित धरिया, नीरज जाट, रामभजन गुर्जर, तिलक नगर थाने से प्र.आर. अविका पटेल, प्र.आर. रोशन, प्र.आर. भोला यादव तथा साइबर शाखा जोन-2 के आरक्षक प्रवीण और विनीत ने प्रमुख भूमिका निभाई. वरिष्ठ अधिकारियों ने टीम की इस सफलता पर प्रशंसा की और कहा कि शहर में हत्या, लूट और डकैती जैसे अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है.

# बच्चों से भरी स्कूल बस पलटने से बची

- आरटीओ रोड पर गड्ढों में फंसे दो पहिए
- सभी को दूसरी बस से सुरक्षित घर भेजा





**इंदौर. पालदा क्षेत्र में कल उस वक्त बड़ा हादसा टल गया, जब बच्चों से भरी एक स्कूल बस के दो पहिए गड्ढों में फंस गए और बस एक ओर झुक गई. बस में सवार छात्र-छात्राओं को तुरंत दूसरी बस बुलाकर सुरक्षित घर भेजा.**

आरटीओ रोड पर मुख्य मार्ग की हालत लगातार खराब हो रही है. राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने बीते कई दिनों से सड़क के गड्ढों और दुर्घटनाओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की है. इस मार्ग पर कई स्कूल भी स्थित हैं. बीते दिनों यहां एक ई-रिक्शा और लोडिंग वाहन भी फंस चुके हैं. सेंट उमर स्कूल की बस मार्ग से गुजर रही थी, इसी दौरान सड़क किनारे गड्ढे में फंसकर बस के एक ओर के दोनों पहिए नीचे चले गए जबकि दूसरी ओर के पहिए ऊंचे हो गए, बस पलटने से बची और सभी छात्र सुरक्षित रहे. इस मार्ग पर पहले भी एक सिटी बस फंस चुकी थी, जिसे क्रेन की मदद से निकाला था, हालात से परेशान स्थानीय लोगों ने विरोध स्वरूप चक्का जाम भी किया था. रोड की हालत सुधारने और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग अब और तेज हो गई है.

# अनवर कादरी पर एक और धोखाधड़ी का केस

- महिला की संपत्ति बेचने का आरोप
- फर्जी दस्तावेज तैयार कर मकान की रजिस्ट्री कराने का मामला, सात आरोपी नामजद



**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** खजराना क्षेत्र में कुख्यात अनवर कादरी के खिलाफ धोखाधड़ी का एक और मामला दर्ज हुआ है. इस बार आरोप है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक महिला की संपत्ति फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हड़प ली और बाद में किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी.

खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताय कि शिकायतकर्ता जौहरा बी ने आरोप लगाया कि उनकी किराएदार समीना बी उर्फ किरण ने अनवर कादरी और अन्य आरोपियों के साथ मिलकर फर्जी मुख्तारनामा यानी कि अधिकार पत्र तैयार कराया, इसके आधार पर अनवर ने 1 नवंबर 2006 को संपत्ति की रजिस्ट्री कर ली. बाद में इस मकान को किसी और को बेच दिया. शिकायत में कहा गया है कि विवादित मकान फिलहाल तब्बुसबी नाम की महिला के कब्जे में है, जिसने वहां किरायेदार रखे हैं. यह मकान मूल रूप से जौहरा बी के माता-पिता का था. उनकी मृत्यु के बाद जौहरा बी शादी करके वहां से चली गई थी. इस पूरे षड्यंत्र की साजिश अनवर कादरी ने रची थी. लंबे समय से वह पुलिस को शिकायत दे रही थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी. पुलिस ने अनवर कादरी सहित सात लोगों समीना बी उर्फ किरण, साजिद खान, मोहम्मद फारुख, सईद मोहम्मद, शादाब खान और जहूर मोहम्मद पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

**अनदेखी** — मामला भूरी टेकरी मल्टी का, रहवासियों ने दिया निगम कार्यालय पर धरना

# नलों में पानी नहीं, लिफ्ट खराब, परिसर में पसरी रहती गंदगी



**इंदौर. मजदूर वर्ग के जीवनस्तर सुधार के लिए नगर निगम द्वारा निर्माण की गई मल्टियों में अनियमितताओं के कारण आक्रोशित मल्टियों के सैकड़ों रहवासियों ने नगर निगम कमिश्नर कार्यालय के सामने धरना दिया. लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला क्योंकि न तो उन्हें निगम कमिश्नर मिले और न ही महापौर.**

उल्लेखनीय है कि बंगाली कॉलोनी के आगे भूरी टेकरी पर सैकड़ों परिवार झुग्गी झोपड़ी में निवास कर अपना जीवन यापन किया करते थे. इसी के पास शासकीय भूमि पर नगर निगम ने मल्टी बनाने का प्रोजेक्ट तैयार किया और इन्हीं मजदूर वर्ग को मल्टियों में बने फ्लैट में शिफ्ट करने का निर्णय लिया. शुरुआती दौर में मजदूर वर्ग की तरफ से विरोध हुआ लेकिन अधिकारियों द्वारा बड़े-बड़े सपने दिखाते हुए सभी सुविधा देने का वादा भी किया. भूरी टेकरी आरावली परिसर के नाम से आठ मंजिला की 13 मल्टीयां निर्माण की गई. एक मल्टी में कुल 64 फ्लैट हैं. कुल 832 परिवार को बसाया गया. इनमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से भी हैं. शुरुआती दौर में मल्टी में लिफ्ट, पानी, बिजली, साफ-सफाई चकाचौंध दिखाई दिए. हालांकि मेंटेनेंस के नाम पर निगम 600 रुपए प्रति महीना सभी से लेती आ रही है.

### इनका कहना है...



धोखा हुआ है, निगम द्वारा किए वादे एक भी पूरे नहीं हुए. दीवारों से पानी बह रहा है. निगम ने पांच वर्ष के लिए मेंटेनेंस का बोला था लेकिन दो साल बाद ही पल्ला झाड़ लिया.

**- सरिता बोरासी**



इन्हें पता था कि ये खुद बाद में पल्ला झाड़ लेंगे तो गरीब के लिए क्यों आठ मंजिला बनाई? संतोषी गुप्ता मैडम को सारी समस्या बताई. निराकरण करने के बजाय उन्होंने भी अनसुनी कर दी.

**- संगीता गवाले**



दिखावे भर की मल्टी है. कोई रखरखाव नहीं है. घटिया मटेरियल से निर्माण हुआ है. अभी से पूरी मल्टी जर्जर होने लगी है. कभी भी ध्वस्त हो सकती है. जिससे बड़ी अनहोनी हो सकती है.

**- गीता वर्मा**



ब्याज पर पैसा उठाकर फ्लैट लिया है. आठ मंजिला मल्टी में लिफ्ट खराब है. अब ऐसे में ऊपर से आना-जाना कैसे करें? बीमार इंसान तो मर ही जाए. बच्चे भारी स्कूल बैग लेकर कैसे उतरें-चढ़े.

**- रम्मो बाई**